# शब्दकोश

**सहायक सामग्री (एसेसरीज)** पहने जाना वाला अन्य सामान (जैसे– गहनें/टोप/जूतें/बेल्टें) या साथ रखने वाले सामान (बैग, हाथ का पंखा)

**अंगरखा** मूल रूप से मुगलों द्वारा अन्य वस्त्रों के ऊपर पहना जाने वाला कपड़े का लंबा कोट जो बाद में समाज में सीविलयन वस्त्र के रूप में प्रचलित हो गया।

**अंतरीय** भारत में पुरुषों एवं स्त्रियों दोनों द्वारा पहना जाने वाला अधो–वस्त्र (शरीर के निचले अंगों में पहना जाने वाला)।

**परिधान उद्योग** पोशाक व्यवसाय में काम करने वाले डिजाइनर, निर्माता, व्यापारी, वितरक एवं खुदरा विक्रेता।

**अवंत ग्रेड** गैर–पारंपरिक एवं अपने समय से आगे की डिजाइनों के लिए फ्रांसीसी शब्द।

**कैलेंडरिंग सहज** या जटिल मशीनी परिष्करण तकनीक, जिसमें सतह का विशेष प्रभाव पाने के लिए कपड़े को सिलिंडरों से होकर गुजारा जाता है।

**कैमोफ्लेज प्रिंट** सेना एवं अन्य सुरक्षा दलों द्वारा प्रयोग की जाने वाली पोशाकों एवं सहयोगी उपकरणों में विशेष नमूनों ओर रंग संयोजनों वाली छपाई।

**चिक (शिक)** शालीन
चिलता हजार माशा कवच के साथ राजपूत योद्धाओं द्वारा पहना जाने वाला कपड़े पर खूंटियों/कीलों से मजबूत बनाया गया कोट।

**छींट** छोटी छपाई के लिए भारतीय शब्द छींट से बना शब्द।

**काइटान** कपड़े के लटकने वाले आयताकार टुकड़े, यूनानी पुरुषों द्वारा एक ट्यूनिक बनाने के लिए कमर से लपेटा जा सकता है या एक या दोनों कंधों पर गांठ देकर एक शॉल की तरह ओढ़ा जा सकता है।

**क्लासिक** मौसमी अनुमानों को पार कर लंबे समय तक चलने वाला फैशन।

**कोहर्ट** जनसांख्यिकी और जीवनशैली जैसी साझी विशेषताओं के अनुसार उपभोक्ता समूह।

**उपभोक्ता** अंतिम उपयोग कर्ता जो खगीदारी का निर्णय लेता है।

**कॉपीराइट** किसी मूल अवधारणा या शैली के निर्माता का कानूनी अधिकार।

**कलेक्शन** एक मौसम के लिए पोशाकों या सहयोगी उपकरणों की श्रेणी।

**कस्टम मेड** ग्राहक की विशिष्टताओं के अनुसार किसी आदेश के लिए तैयार की गई सामग्री। इसे बाईस्कोप सिलाई भी कहते हैं।

**क्रोकल (क्रूकी)** अवधारणाओं को दिखाने और डिजाइनों को चित्रित करने के लिए डिजाइनरों द्वारा प्रयोग की जाने वाली विशेष शैली में निर्मित फैशन आकृति।

**खर्च करने योग्य आय (डिस्पोजेबल इनकम)** कर की कटौती के पश्चात् एक व्यक्ति की आय जिसे उपभोग्य वस्तुओं पर खरीदा जा सकता है।

**संपूर्ण-** पूरी पोशाक, जिसमें एक या अधिक टुकड़े शामिल हो सकते हैं।

**पिपलो** खुले पिपलो या बंद पिपलो के रूप में यूनानी स्त्रियों द्वारा कंधे पर बांध कर पहना जाने वाला शॉल।

**प्रेट ए पोर्टर** पहनने के लिए तैयार फैशन के लिए प्रयोग किया जाने वाला फ्रांसीसी शब्द।

**रिटेलिंग** (खुदरा बिक्री) विभिन्न स्रोतों से सामग्री खरीदने और बुटिकों या डिपार्टमेंटल स्टोरों जैसे बिक्री के विभिन्न केंद्रों पर उसे ग्राहकों को बेचे की समस्त प्रक्रिया।

**स्केन्ती** मिश्र के सभी वर्गों द्वारा प्रयोग किया जाने वाला नितम्बों के इर्द–गिर्द लपेट कर पहना जाने वाला सूती वस्त्र।

**सिल्युट** पोशाक की बाहरी या बाहर की आकृति।

**सिमस्ट्रेस** पोशाक बनाने वाला।

**स्टेपल** पोशाकों या सहयोगी वस्तुओं की लगातार मांग में रहने वाली चीजें।

**स्टाइल लाइन्स** एक क्रोकी की मुख्य रेखाएं जो पोशाक पर स्तर और कपड़ें के सही स्थान के लिए सिलाई की रेखाओं को संकेतित करती हैं।

**आपूर्ति श्रृंखला** कच्चे माल को प्राप्त करने, उत्पादन से विपणन प्रबंधन तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया को समाहित करने वाले क्रमिक चरणों की श्रृंखला।

**टोगा** केवल स्वतंत्र रोमन नागरिकों द्वारा पहना जाने वाला वस्त्र, पहले इसे बाहर जाते समय पहना जाता था पर बाद में केवल उत्सवों के समय पहना जाने लगा।

**टोले** मसलिन या सस्ते कपड़ों से बना नमूने का वस्त्र।

**ट्रोसेयू** कपड़ों और अन्य सहयोगी वस्तुओं सहित विवाह की पोशाक।

**परिवर्तन की दर** नई शैलियों से व्यापारिक वस्तुओं के प्रतिस्थापन की दर।

**उशनिसा** प्राचीन भारत में बालों को सिर के ऊपर एक जूड़े में बांध कर सिर के चारो तरफ लपेट कर पुरुषों द्वारा पहनी जाने वाली पगड़ी।

**उत्तरीय** भारत का पारंपरिक उभयलिंगी परिधान, इसे औपचारिक और अनौपचारिक दोनो प्रकार के वस्त्र के रूप में पहना जाता था और इसके लटकन से इसके पहनने वाले के व्यवसाय का पता चलता था।

**वार्प (ताना)** एक बुने हुए कपड़े में लंबाई में प्रयुक्त धागा।

**वेफ्ट (बाना)** एक बुने हुए कपड़े में चौड़ाई में प्रयुक्त धागा।

**जेइटगिस्ट (जा–इट–गा–इस्ट)** 'समय की चाह' के लिए व्यवहृत जर्मन शब्द, जो समाज में अधिकता से प्रचलित प्रभाव, रुझान और शैलियों को संकेतित करता है।